भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5316
05 अप्रैल, 2022 को उत्तर देने के लिए

किसान संपदा योजना

5316. श्री बृजभूषण शरण सिंह:
श्री जगदम्बिका पाल:
श्री महेन्द्र सिंह सोलंकी:
श्री केसिनेनी श्री निवास:
श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर:
श्री पी.पी. चौधरी:
श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे:
श्री अरुण साव:
श्री देवजी पटेल:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं और इसके वित्तीय परिव्यय का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस योजना की शुरूआत से लेकर अब तक उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ राज्यों में पीएमकेएसवाई के तहत स्थापित मेगा और मिनी फूड पार्कों, शीत श्रृंखला भंडारण प्रणाली और खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या संबंधी आंकड़ें का जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या 2021-22 में पीएमकेएसवाई के तहत शुरू की गई परियोजनाओं के कारण कृषि उत्पादों के संरक्षण और प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि हुई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) 2021-22 के दौरान उक्त राज्यों में इसके तहत शुरू की गई परियोजनाओं के कारण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कितनी संख्या में रोजगार सृजित हुए हैं?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) 6,000 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ दिनांक 03.05.2017 को अनुमोदित की गई थी और हाल ही में 4600 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ वर्ष 2025-26 तक जारी किए जाने के लिए अनुमोदित की गई है । पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं की शुरूआत से कुल 1088 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है ।

(ख): विवरण **अनुबंध-1** में दिया गया है ।

(ग) और (घ): पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2021-22 के दौरान देश भर में प्रचालनरत परियोजनाओं के परिणामस्वरूप 50.5 लाख मीट्रिक टन/वर्ष प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता का सृजन हुआ है ।

(ङ.): उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष 2021-22 के दौरान प्रचालनरत परियोजनाओं से अनुमानित प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार अनुबंध-2 में दिए गए हैं ।

*****

अनुबंध-1

किसान संपदा योजना के बारे में दिनांक 05.04.2022 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 5316 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध ।

पीएमकेएसवाई की शुरूआत से तदनुरूपी घटक योजनाओं के अंतर्गत संस्वीकृत/प्रचालनरत मेगा फूड पार्क, कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर (मिनी फूड पार्क), एकीकृत शीत श्रृंखला परियोजनाएं और खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं ।

क्र.सं.	राज्य	मेगा फूड पार्क	एकीकृत शीत श्रृंखला	कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर (मिनी फूड पार्क)	खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं
1	आंध्र प्रदेश	3/2	28/11	2	4/1
2	छत्तीसगढ़	1/1	2/2	2	0
3	मध्य प्रदेश	2/2	12/7	4/2	8/5
4	महाराष्ट्र	3/2	62/60	12/3	26/20
5	राजस्थान	2/1	14/12	3	1/1
6	उत्तर प्रदेश	0	25/18	4/2	9/8

अनुबंध-2

किसान संपदा योजना के बारे में दिनांक 05.04.2022 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 5316 के उत्तर के भाग (ड.) में उल्लिखित अनुबंध ।

पीएमकेएसवाई के अंतर्गत वर्ष 2021-22 के दौरान प्रचालनरत की गईं परियोजनाओं से अनुमानित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार

राज्य	वर्ष 2021-22 के दौरान प्रचालनरत की गई परियोजनाओं की संख्या	वर्ष 2021-22 के दौरान प्रचालनरत की गई परियोजनाओं के कारण सृजित की गई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार
उत्तर प्रदेश	9	3841
मध्य प्रदेश	8	3777
महाराष्ट्र	20	16372
आंध्र प्रदेश	3	1800
राजस्थान	3	724
छत्तीसगढ़	0	0